भारत सरकार
गृह मंत्रालय
**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1013**
दिनांक 04.03.2015/13 फाल्गुन, 1936 (शक) को उत्तर के लिए

**1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद घुस आये बांग्लादेशी नागरिक**

**†1013. श्री नरेश अग्रवाल :**

क्या **गृह मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध के बाद बड़ी संख्या में बांग्लादेशी भारत में घुस आये हैं;
(ख) क्या यह भी सच है कि ज्यादातर बांग्लादेशियों को भारत की नागरिकता मिल चुकी है;
(ग) यदि हां, तो क्या सरकार उन बांग्लादेशियों को भारतीय मानती है या विदेशी; और
(घ) यदि नहीं, तो वे भारत में किस अधिकार रह रहे है?

**उत्तर**

गृह मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री किरेन रिजिजू)

**(क) : जी, हां ।**

**(ख), (ग) और (घ) : नागरिकता अधिनियम, 1955 की धाराओं के अंतर्गत भारतीय नागरिकता प्राप्त करने वाले बांग्लादेशी, भारतीय नागरिक हैं, अन्यथा अवैध प्रवासी हैं ।**

*****